कैसीनो परिचालक और अनुज्ञप्ति राजकीय आयोग

हमारे बारे में

विक्टोरिया सरकार ने क्राउन मेलबर्न लिमिटेड के पास कैसीनो लाइसेंस होने की उपयुक्तता की जाँच करने के लिए कैसीनो परिचालक और अनुज्ञप्ति राजकीय आयोग की स्थापना की है। माननीय रे फिंकेलस्टीन एओ क्यूसी को आयुक्त और अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है।

राजकीय आयोग को 1 अगस्त 2021 तक विक्टोरिया के राज्यपाल के समक्ष अपने निष्कर्षों और किसी भी संस्तुति के की रिपोर्ट करने की आवश्यकता है।

सार्वजनिक प्रस्तुतियाँ

राजकीय आयोग ने 29 मार्च 2021 को इस दस्तावेज़ में शामिल संदर्भ की शर्तों से संबंधित मामलों पर आम जनता और इच्छुक संगठनों के सदस्यों के लिए सार्वजनिक प्रस्तुति जमा करने प्रक्रिया खोल दी थी।

राजकीय आयोग ने विस्तार का अनुरोध करने वालों के लिए 26 अप्रैल 2021 की अंतिम तिथि के बाद सार्वजनिक प्रस्तुतियाँ स्वीकार करना जारी रखा है।

यदि आप सार्वजनिक प्रस्तुति जमा करना चाहते/चाहती हैं, तो राजकीय आयोग के लिए आसन्न समय-सीमाओं को देखते हुए आपको जल्दी से जल्दी यह करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। ऐसा करना महत्वपूर्ण है, ताकि राजकीय आयोग अपनी औपचारिक प्रक्रियाओं के हिस्से के रूप में सूचना पर विचार कर सके।

सार्वजनिक प्रस्तुति कैसे जमा करें:

- राजकीय आयोग से contact@rccol.vic.gov.au पर संपर्क करके विस्तारण का निवेदन करें या अपनी प्रस्तुति लिखने के लिए अनुवाद सेवाओं जैसी अतिरिक्त सहायता का निवेदन करें।
- यदि आप फोन से संपर्क करना चाहते/चाहती हैं, तो राजकीय आयोग को लिखी अपनी ईमेल में एक संपर्क फोन नंबर शामिल करें।
- अपनी प्रस्तुति के शीर्ष पर निम्नलिखित विवरण शामिल करें:
    - नाम
    - पसंदीदा संपर्क विवरण
    - आप हमारे द्वारा किस प्रकार से अपनी प्रस्तुति का वर्गीकरण किया जाना पसंद करेंगे/करेंगी। निम्नलिखित में से किसी एक का चयन करें:

- **सार्वजनिक**
  आपके नाम और आपकी प्रस्तुति की सामग्री को सार्वजनिक रूप से प्रकट किया जा सकता है, लेकिन आपके संपर्क विवरण को नहीं। इसमें आयोग की वेबसाइट पर और अंतिम रिपोर्ट में संदर्भित या सम्मिलित किया जाना शामिल है।

- **अनाम**
  आपके बारे में सभी पहचान विवरण हटा दिए जाते हैं, लेकिन प्रस्तुति में से सामग्री को प्रकाशित और उद्धृत करना ठीक है।

- **गोपनीयः**
  केवल आयुक्त और आयोग के कर्मचारी ही इसे देख सकते हैं और इसे आयोग द्वारा प्रकाशित या उद्धृत नहीं किया जाता है।

- राजकीय आयोग निम्नलिखित प्रारूपों में प्रस्तुतियाँ स्वीकार करेगा: .PDF, .docx, .doc, या ईमेल में लिखा गया टेक्स्ट।

संपर्क विवरण

सार्वजनिक पूछताछ के लिए राजकीय आयोग को contact@rccol.vic.gov.au पर ईमेल भेजें।

डाक पता:

कैसीनो परिचालक और अनुज्ञप्ति राजकीय आयोग
PO Box 24290
MELBOURNE VIC 3001

मीडिया पूछताछ

मीडिया पूछताछ के लिए राजकीय आयोग को media@rccol.vic.gov.au पर ईमेल भेजें।

संदर्भ की शर्तें

कैसीनो परिचालक और अनुज्ञप्ति राजकीय आयोग को पूछताछ करने, रिपोर्ट करने और इसके संदर्भ की शर्तों के संबंध में संस्तुतियाँ देने की आवश्यकता है, जिनमें शामिल हैं:

A. क्या क्राउन मेलबर्न कैसीनो नियंत्रण अधिनियम 1991 [Casino Control Act 1991] के तहत अपने पास कैसीनो लाइसेंस रखने के लिए उपयुक्त व्यक्ति है।

B. क्या क्राउन मेलबर्न कैसीनो नियंत्रण अधिनियम [Casino Control Act], कैसीनो (प्रबंधन समझौता) अधिनियम 1993 [Casino (Management Agreement) Act 1993], जुआ विनियमन अधिनियम 2003 [Gambling Regulation Act 2003] (इनमें से किसी भी अधिनियम के तहत बनाए गए किसी भी अन्य नियम और विनियम समेत), और किसी भी अन्य लागू कानून का अनुपालन कर रहा है।

C. क्या क्राउन मेलबर्न द्वारा क्राउन मेलबर्न अनुबंधों (Crown Melbourne Contracts) का अनुपालन किया जा रहा है।

D. क्या क्राउन मेलबर्न के लिए विक्टोरिया में कैसीनो लाइसेंस जारी रखना जनहित में है।

E. यदि आप ऐसा मानते/मानती हैं कि क्राउन मेलबर्न एक अनुपयुक्त व्यक्ति है, या क्राउन मेलबर्न द्वारा विक्टोरिया में कैसीनो लाइसेंस जारी रखना जनता के हित में नहीं है, तो क्राउन मेलबर्न को क्या कार्यवाही करने की आवश्यकता होगी (यदि कोई हो), ताकि क्राउन मेलबोर्न विक्टोरिया में कैसीनो लाइसेंस जारी रखने के लिए उपयुक्त व्यक्ति बन सके, या क्राउन मेलबर्न द्वारा विक्टोरिया में कैसीनो लाइसेंस जारी रखना जनता के हित में हो सके।

F. क्या क्राउन रिसॉर्ट्स क्राउन मेलबोर्न के लिए एक उपयुक्त सहयोगी (Suitable Associate) है।

G. यदि आप ऐसा मानते/मानती हैं कि क्राउन रिसॉर्ट्स क्राउन मेलबर्न के लिए एक उपयुक्त सहयोगी (Suitable Associate) नहीं है, तो क्राउन रिसॉर्ट्स को क्या कार्यवाही करने की आवश्यकता होगी (यदि कोई हो), ताकि क्राउन रिसॉर्ट्स क्राउन मेलबर्न के लिए एक उपयुक्त सहयोगी (Suitable Associate) बन सके।

H. क्या क्राउन मेलबर्न के कोई अन्य मौजूदा सहयोगी क्राउन मेलबर्न के उपयुक्त सहयोगी (Suitable Associates) नहीं हैं।

I. यदि आप ऐसा मानते/मानती हैं कि क्राउन मेलबर्न के कोई अन्य मौजूदा सहयोगी क्राउन मेलबर्न के उपयुक्त सहयोगी (Suitable Associates) नहीं हैं, तो उन व्यक्तियों को क्या कार्यवाही करने की आवश्यकता होगी (यदि कोई हो), ताकि वे क्राउन मेलबर्न के उपयुक्त सहयोगी (Suitable Associates) बन सकें।

J. क्या आपके विचार में राज्य के लिए विक्टोरिया के कानून में प्रासंगिक परिवर्तन करने की आवश्यकता है, जिसमें कैसीनो नियंत्रण अधिनियम (Casino Control Act) और जुआ एवं एल्कोहल विनियमन अधिनियम 2011 के लिए विक्टोरियाई आयोग (Victorian Commission for Gambling and Liquor Regulation Act 2011), तथा साथ ही साथ क्राउन मेलबोर्न अनुबंध (Crown Melbourne Contracts) भी शामिल हैं, ताकि राज्य आपके निष्कर्षों को संबोधित कर सके और आपकी संस्तुतियों को लागू कर सके।

K. इसके अलावा क्या उपरोक्त अनुच्छेद A से J में ऊपर दिए गए मामलों को संतोषजनक ढंग से हल करने की आवश्यकता वाले कोई अन्य मामले हैं।